डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ / 37 / पीआर / 2018 30.8.2018

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी का आयोजन

आदिवासी कवि सम्मिलन
दिल्ली पुस्तक मेले में आदिवासी अनुभूतियों की गूँज

नई दिल्ली, 30 अगस्त 2018 : साहित्य अकादेमी द्वारा दिल्ली पुस्तक मेले के दौरान आज आदिवासी कवि सम्मिलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मिलन की अध्यक्षता अरुणाचल प्रदेश से पधारे गालो आदिवासी समुदाय के कवि डॉ. टाकोप जिरडा ने किया। आरंभ में औपचारिक स्वागत करते हुए अकादेमी के विशेष कार्याधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार देवेश ने अकादेमी द्वारा आदिवासी भाषा–साहित्य के लिए संचालित गतिविधियों का संक्षिप्त ब्यौरा दिया।

सम्मिलन में गोंड, उराँव, हो और संताल आदिवासी समुदाय के चार कवियों श्री वसंत किशन कवड़े, सुश्री जसिंता केरकेट्टा, श्री बुधन सिंह हेस्सा और श्री तुरिया चंद्र बास्के ने क्रमशः गोंडी, हिंदी, हो और संताली भाषा में अपनी कविताओं का पाठ किया। कवियों ने अपनी भाषा में कविता–पाठ के साथ कविताओं के हिंदी अनुवाद भी प्रस्तुत किए। पठित कविताओं में आदिवासी समुदाय के प्रकृति से जुड़ाव के साथ–साथ आधुनिक सभ्यता की विसंगतियों का चित्रण किया गया था। आशा, आकांक्षा, सपना, प्रेम, प्रकृति, सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों पर आधारित कविताओं को श्रोताओं ने बेहद पसंद किया।

उक्त कड़ी में अकादेमी द्वारा मेले में कल दिनांक 31 अगस्त को 'युवा साहिती' के अंतर्गत युवा लेखकों के बहुभाषी रचना–पाठ का आयोजन किया गया है, जिसकी अध्यक्षता हिंदी की प्रतिष्ठित लेखिका श्रीमती कमल कुमार करेंगी।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in